राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, झारखण्ड
संयोजक: बैंक ऑफ इंडिया
दिनांक : 13.02.2018
स्थान – होटल रैडिसन ब्लू, रांची

## राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, झारखंड के 62वीं त्रैमासिक बैठक का कार्यवृत्त
## Minutes of the 62nd Quarterly Meeting of SLBC, JHARKHAND

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, झारखंड की 62वीं त्रैमासिक बैठक का आयोजन दिनांक 13.02.2018 को होटल रैडिसन ब्लू, रांची में किया गया। बैठक का आरम्भ राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, झारखंड के महाप्रबंधक श्री प्रसाद जोशी द्वारा सभा में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों के स्वागत संबोधन से हुआ | श्री जोशी ने अपने संबोधन में राज्य सरकार को पिछले तिमाही में दो बड़े ऋण शिविर आयोजित करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया और बताया कि बैंको द्वारा ऋण संवितरण में किये गए कार्य की बदौलत राज्य का CD ratio पिछली कुछ तिमाहियों के पश्चात् पुनः 60% के बेंचमार्क से ऊपर पहुँच गया है | उन्होंने सभी बैंको से इस स्थिति को ना सिर्फ बरक़रार रखने बल्कि उसमे और वृद्धि किये जाने की अपील की | तत्पश्चात मंच पर आसीन झारखंड राज्य के विकास आयुक्त श्री अमित खरे; अपर मुख्य सचिव, वित्त विभाग, श्री सुखदेव सिंह ; सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, श्री अविनाश कुमार; सचिव वित्त-सह-योजना, श्री सत्येंद्र सिंह; श्री नीरज कुमार, OIC, भारतीय रिजर्व बैंक; श्री प्रभाकर बेहरा, उपमहाप्रबंधक, नाबार्ड; श्री अमूल्य कुमार साहू, महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक का पुष्पगुच्छ दे कर स्वागत किया गया |

बैठक में उपरोक्त सम्मानित अतिथियों के अलावे झारखण्ड सरकार के अन्य विभागों के वरिष्ठ पदाधिकारी; झारखण्ड राज्य स्थित सभी बैंकों के नियंत्रक प्रमुख; झारखण्ड राज्य के 24 जिलों के अग्रणी जिला प्रबंधक एवं विभिन्न बैंकों के उच्च अधिकारी भी उपस्थित थे ।

स्वागत कार्यक्रम के पश्चात सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, श्री अविनाश कुमार को बैठक को सम्बोधित करने के लिए आमंत्रित किया गया। अपने सम्बोधन मे श्री अविनाश कुमार ने कुछ बैंकों जैसे-Central Bank of India, Uco Bank, IOB, Syndicate, Allahabad, PNB का नाम लेकर कहा कि इन बैंको से बेहतर अपेक्षा के बावजूद इनके यहाँ SHG financing का कार्य संतोषप्रद नहीं है | उन्होंने सभी बैंको से लगभग 12000 SHG के लंबित आवेदनों को मार्च माह तक स्वीकृति दिये जाने का अनुरोध किया | साथ ही उन्होंने कुछ बैंक शाखाओं द्वारा SHGs के आवेदन को स्वीकार नहीं किये जाने का मुद्दा भी उठाया | उन्होंने सरकार द्वारा बार-बार PMJDY के खातों को सामान्य खातों में परिवर्तित किये जाने का निर्देश दिये जाने के बावजूद खासकर SBI द्वारा इस पर उचित कार्यवाई ना किये जाने पर असंतोष प्रकट किया | उन्होंने SBI के अधिकारियों को सलाह दी कि उन्हें अपने यहाँ के उन दो शाखाओं, सिल्ली के पतराहातु

शाखा एवं लातेहार के मनिका शाखा, के कार्यप्रणाली के बारे में पता कर सरकार को वस्तुस्थिति की जानकारी दी जानी चाहिए | उन्होंने बताया कि निकट भविष्य में राज्य सरकार द्वारा राज्य के गाँवों में ग्राम विकास समिति का गठन किया जायेगा जिसमे 7-9 स्थानीय ग्रामीणों की सहभागिता से उस गाँव के विकास का प्रस्ताव तैयार किया जायेगा और विकास के प्रारूप के आधार पर राज्य सरकार द्वारा आर्थिक सहायता सीधे उस ग्राम समिति के खाते में स्थानांतरित की जाएगी | ये समितियां co-operative society के रूप में कार्य करेंगी | इनका निबंधन नहीं होगा परंतू ये राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त होंगे | उन्होंने बैंको को वर्तमान नियमों के अनुसार इन समितियों का खाता खोले जाने का निर्देश दिया |

इसके पश्चात विकास आयुक्त श्री अमित खरे ने अपने संबोधन में सर्वप्रथम सभी बैंको को पिछली तीन तिमाहियों के बाद 60% से ऊपर CD ratio प्राप्त करने एवं MSME sector में पुरे वर्ष के लिए निर्धारित target से अधिक achievement के लिए बधाई दी | उन्होंने कृषि क्षेत्र में अपेक्षाकृत कम उपलब्धि पर बैंको का ध्यान आकृष्ट किया | उन्होंने बताया कि राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा घोषित वार्षिक बजट में कृषकों एवं ग्रामीणों के आय को दोगुना किये जाने की बात प्रमुखता से उठाई गई है, अतः उसके अलोक में बैंको को कृषि क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करना चाहिए | उन्होंने आगे बताया कि राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दे रही है और इसके तहत सखी मंडलों द्वारा तैयार किये गए वस्तुओं के विपणन की व्यवस्था एवं खरीद स्वयं राज्य सरकार द्वारा की जाएगी | इसके तहत राज्य सरकार बैंको द्वारा सखी मंडलों को सेनेटरी नैपकिन, कम्बल इत्यादि बनाने के लिए उपलब्ध कराये गए ऋण की राशि की वापसी खरीद के समय दिये जाने वाले भुगतान से सुनिश्चित करेगी | श्री खरे ने राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार द्वारा पिछड़े क्षेत्र के विकास पर विशेष रूप से ध्यान दिये जाने की बात करते हुए कहा कि केन्द्रीय वित्त मंत्री द्वारा अपने बजट भाषण में 115 जिलों को aspirational districts के रूप में चिन्हित किया गया है जहाँ विकास कार्यक्रमों को पूर्णता के साथ लागू किया जाना है | झारखण्ड राज्य में ऐसे 19 पिछड़े जिलों को चिन्हित किया गया है, जिसमे पाकुर, साहिबगंज, खूंटी, सिमडेगा, गुमला एवं पश्चिम सिंघभुम पर विशेष ध्यान देने की जरुरत है | उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा इन जिलों में कल्याणकारी कार्यक्रमों का वृहत पैमाने पर संचालन किये जाने के लिए विशेष funding की जाएगी | उन्होंने इन जिलों के DCs द्वारा बनायीं जा रही योजनाओं में LDMs से भी सहयोग देने की अपील की | उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भवन निर्माण के लिए बैंको द्वारा ऋण देने में हो रही कठिनाइयों पर राज्य सरकार द्वारा निर्णय ले लिया गया है | साथ ही certificate cases के सम्बन्ध में वसूली अधिकारियों की नियुक्ति के मामले में भी प्रगति हुई है | उन्होंने SARFAESI के तहत जिले के 2-3 बड़े बकायादारो की सूची SLBC एवं जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने की बात कही ताकि उनपर त्वरित कार्यवाही की जा सके | उन्होंने SLBC के महाप्रबंधक को दुमका में SLBC की विशेष बैठक आयोजित किये जाने पर धन्यवाद दिया और उनसे आग्रह किया कि भविष्य में भी पलामू, चाईबासा जैसे जगहों पर SLBC की विशेष बैठकों का आयोजन किया जाये |

State Level Bankers' Committee ★ Jharkhand ★ BOI

__व्यवसाय सत्र (Business Session):__ अध्यक्ष के आदेशानुसार, मुख्य प्रबंधक, SLBC, श्री दीप शंकर द्वारा व्यवसाय सत्र की कार्यवाही शुरू करते हुए सर्वप्रथम दिनांक 10.11.2017 को आयोजित 61वी एसएलबीसी बैठक के कार्यवृत की संपुष्टि सभा द्वारा कराई गयी |

__राज्य सरकार से संबंधित मामले:__

इसके बाद राज्य सरकार से संबंधित मामलों की चर्चा की गई :

1. नगरपालिका क्षेत्र से बाहर भवन निर्माण की स्वीकृति के सम्बन्ध में श्री अमित खरे की बातों को उद्धृत करते हुए बताया गया कि राज्य सरकार द्वारा इस सम्बन्ध में निर्णय ले लिया गया है जिसे जल्द ही सभी को share किया जायेगा | **(Action: राज्य सरकार)**

2. राज्य के स्कूलों में वित्तीय साक्षरता से संबंधित पाठ्यक्रम को शामिल किये जाने के RBI द्वारा उठाये गए मुद्दे पर राज्य सरकार द्वारा अबतक कोई जानकारी नहीं दिए जाने की बात बताई गई | **(Action: राज्य सरकार)**

3. certificate cases के निपटारे के लिए dedicated certificate officer की नियुक्ति के सम्बन्ध में राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के पत्रांक 572 दिनांक 09.02.2018 के हवाले से जानकारी दी गई कि महामहिम राष्ट्रपति से इसकी सहमती प्राप्त हो चुकी है जिसे विधि विन्हाग द्वारा दिनांक 20.12.2017 को सर्वसाधारण की सूचना के लिए प्रकाशित भी कर दिया गया है | मुख्य सचिव महोदया के निदेशानुसार जिलों में लंबित नीलम पत्र वादों से संबंधित प्रतिवेदन प्राप्त कर लिया गया है और इनके आधार पर वहाँ certificate officer की नियुक्ति के लिए पदों की संख्या निर्धारित किये जाने से समबन्धित कार्यवाही विभाग में विचाराधीन है |

**(Action: राज्य सरकार)**

__बैंक से संबधित मामले /Issues Pertaining To Banks__

इन मुद्दों पर विस्तृत चर्चा के पूर्व Andhra Bank, Axis Bank, Bandhan Bank, Dena Bank, Federal Bank, HDFC Bank, ICICI Bank, IDBI Bank, Indus Ind Bank, J & K Bank, Karnataka Bank, Karur Vaisya Bank, Kotak Mahindra Bank, Laxmi Vilas Bank, South Indian Bank, Syndicate Bank और Yes Bank से कहा गया कि बार-बार लिखित एवं मौखिक आग्रह के बावजूद इन्होने SLBC को ATR प्रेषित नहीं किया और इनसे आग्रह किया गया कि भविष्य में ATR का जबाब अवश्य दिया करें |

तत्पश्चात श्री दीप शंकर ने एसएलबीसी की 61वीं बैठक में चर्चा किए गए बिंदुओं पर बैंक से प्राप्त Action Taken रिपोर्ट को क्रमवार प्रस्तुत किया।

1. **KCC का Rupay कार्ड में conversion** - CBI एवं Canara बैंक द्वारा KCC का Rupay कार्ड में conversion के मामले में काफी प्रगति हुई है और दोनों बैंको द्वारा 90% से ऊपर conversion कर लिया गया है |

2. **सिक्कों के लेन-देन से संबंधित समस्या**- सभी बैंको के नियंत्रक प्रमुखों द्वारा अपने सभी शाखाओं को सिक्कों के लेन-देन से संबंधित दिशा-निर्देश जारी किये गए हैं और RBI के प्रावधानों के अनुरूप इसका अनुपालन सुनिश्चित किया जा रहा है |



State Level Bankers' Committee BOI

3. **SLBC को timely और correct data भेजा जाना** - IOB, BOB, Andhra Bank, IndusInd Bank, ICICI, Laxmi Vilas Bank, HDFC, Axis Bank एवं co-operative Bank द्वारा भेजे गए data की त्रुटियों को इंगित किया गया और Karnataka Bank एवं Karur Vysya Bank द्वारा पोर्टल पर data नहीं डाले जाने की बात बताई गई |

4. **RSETI भवन निर्माण** – लातेहार में SBI द्वारा RSETI भवन निर्माण कार्य प्रगति पर है |

5. **RSETI Trainees का क्रेडिट लिंकेज** - संबंधित बैंकों एवं LDMs से सभी शाखाओ में लंबित आवेदनों को Viability के आधार पर अविलम्ब स्वीकृति देने का अनुरोध किया गया । सभा को बताया गया कि RSETI state director द्वारा प्रदत जानकारी के अनुसार राज्य में अब तक कुल 59497 RSETI trained candidates का settlement हो चूका है जिसमे से 21953 candidates को बैंक से finance किया गया है , परंतू अभी भी इस वित्तीय वर्ष में बैंको को भेजे गए 3305 आवेदनों एवं पिछले वित्तीय वर्ष में बचे 2826 आवेदनों में से केवल 1879 आवेदनों को ही स्वीकृत किया गया है और अभी भी बैंको के पास कुल 3924 आवेदन लंबित पड़े है |

6. **MNREGA एवं PMAY**- सभा में सभी से अपील की गई कि इन योजनाओं में सरकार द्वारा दी जा रही राशि से जबरन ऋण कटौती ना की जाये |

7. **CD ratio एवं ACP achievement** -CD ratio एवं ACP Achievement की SLBC sub-committee में हुए निर्णय के अलोक में SLBC द्वारा ऐसे जिले जहाँ सीडी अनुपात 30% से कम है वहाँ के LDMs को एवं उन बैंक के नियंत्रक प्रमुखों को पत्र लिखने की बात कही गयी थी जिन बैंकों का ACP achievement कम है ताकि उनके द्वारा विशेष Monitorable action plan बनाकर योजनाबद्ध तरीके से इसे बढ़ाने पर ज़ोर दिया जाये | SLBC द्वारा सभी संबंधित बैंक-VGB, PNB, Dena,JGB,IDBI, United, Indian, PSB, Andhra, Kotak Mahindra, UCO, Central एवं Canara Bank एवं LDMs-देवघर, खूंटी, चतरा, जामतारा, गोड्डा एवं सिमडेगा को दिनांक 08.12.2017 को इस सम्बन्ध में पत्र दिया गया था, परंतू JGB, United एवं Central बैंक को छोड़कर अन्य किसी भी बैंक एवं LDMs के द्वारा SLBC के पत्र का कोई भी reply नहीं दिया गया |

8. **SHG Credit Linkage**- सभी बैंको से JSLPS एवं NABARD के साथ सामंजस्य कर के SHG financing से संबंधित सही आंकड़े प्रस्तुत करने को कहा गया तथा उनसे प्रत्येक सप्ताह के एक नियत दिन पर आवेदन स्वीकार किये जाने एवं JSLPS को अपूर्ण आवेदन से बचने के लिए check list बनाकर देने का आग्रह किया गया |

9. **PMFBY**- सभी बैंको से सभी loanee farmers को insurance coverage दिये जाने और उससे संबंधित रिपोर्टिंग पोर्टल पर किये जाने का अनुरोध किया गया |

10. **CGTMSE coverage**- बैंको से सभी eligible cases में CGTMSE coverage लिए जाने और उसकी सही रिपोर्टिंग किये जाने का आग्रह किया गया | IndusInd Bank के प्रतिनिधि ने जल्द ही सही रिपोर्टिंग किये जाने की बात कही |

11. **PMMY/SUI**- सभी बैंको को लंबित आवेदनों के अविलम्ब निष्पादन के लिए कहा गया |



State Level Bankers' Committee

**12. PMJDY**- सभी बैंको से Rupay card activation को बढ़ाये जाने का आग्रह किया गया |
**13. BC की नियुक्ति**- 5000 से ऊपर के population वाले गाँवों में brick & mortar शाखा खोले जाने का जिक्र करते हुए बताया गया कि RBI के नये मानदंडो के अनुसार केवल Vijaya Bank द्वारा रांची जिले के चान्हो प्रखंड के पतरातू गाँव में fixed location BC की नियुक्ति बाकी है, जिसपर Vijaya Bank के प्रतिनिधि ने एक सप्ताह के अंदर BC नियुक्त कर लिए जाने का आश्वासन दिया |
14. **SARFAESI के अंतर्गत बड़े बकायादारों की सूची जिला प्रशासन को उपलब्ध कराना**- सभा को बताया गया कि बैंको से प्राप्त defaulters एवं उनके properties की सूची OSD, Finance, GOJ को उपलब्ध करा दी गई है | इस पर ACS, Finance, GOJ श्री सुखदेव सिंह ने जिले के अधिकारीयों के साथ जल्द ही VC कर इन cases के निपटारे का आश्वासन दिया | सभी बैंक के नियंत्रक प्रमुखों से आग्रह किया गया कि वे अपने यहाँ के लंबित मामलों के लिए संबंधित जिले के अधिकारियों के पास नियमित follow up करें और इसके प्रगति का रिपोर्ट OSD, Finance को देते रहें |

ATR पर विस्तृत चर्चा के बाद SLBC के मुख्य प्रबंधक श्री दीप शंकर ने क्रमवार agenda items के आधार पर सभा को अद्यतन जानकारी दी |

**सभी बैंको के महत्वपूर्ण संकेतक**

इस विषय पर सभा को बताया गया कि राज्य में पिछले तिमाही जुलाई-सितम्बर की तुलना में अक्टूबर-दिसम्बर तिमाही में लगभग प्रत्येक क्षेत्रों में बैंको का प्रदर्शन सराहनीय रहा है | कृषि क्षेत्र में अच्छे disbursement के बावजूद o/s में अपेक्षाकृत हुई कम वृद्धि पर सभी बैंको का ध्यान आकृष्ट कराया गया | महिलाओं एवं अल्पसंख्यक समुदायों को दिये जाने वाले ऋण में आयी गिरावट पर भी सभी बैंको को ध्यान आकृष्ट कराया गया और सभी से इस पर ध्यान देने की अपील की गई | **(Action: सभी बैंक)**

**वार्षिक ऋण योजना के आधार पर वर्ष 2016-17 की उपलब्धि की समीक्षा**

इस विषय पर मुख्य प्रबन्धक श्री दीप शंकर ने जानकारी देते हुए बतलाया कि दिनांक 31.12.2017 के आधार पर बैंको ने ACP target के विरुद्ध लगभग 74% achievement कर लिया है और last क्वार्टर में अपेक्षाकृत अच्छे perferformance के रिकॉर्ड को देखते हुए ये उम्मीद की जा सकती है कि बैंको को दिये गए कुल ACP target को इस वित्तीय वर्ष में प्राप्त किया जा सकता है | MSME sector में प्रत्येक वर्ष अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन करने पर सभी LDMs से वार्षिक योजना बनाते समय इसके लिए उपयुक्त target का प्रावधान किये जाने को कहा गया | इस क्रम में वैसे बैंको एवं जिलों को विशेष ध्यान देने की बात कही गई जहाँ अबतक ACP achievement 50% से भी कम है | NABARD के महाप्रबंधक श्री प्रभाकर बेहरा ने बताया कि agriculture sub-committee की हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि CD ratio में 30% से कम

State Level Bankers' Committee

उपलब्धि वाले जिले और 40% से कम उपलब्धि वाले बैंको को इस वित्तीय वर्ष के अंत तक यानि वर्तमान तिमाही में कम से कम 3%-5% की वृद्धि दर्ज करनी है |

**(Action: सभी बैंक एवं सभी LDMs)**

**कृषि ऋण एवं किसान क्रेडिट कार्ड**

इस सम्बन्ध में सभा को बतलाया कि 31.12.2017 तक कुल 1429021 eligible KCC खातों में 1227149 खातों में Rupay Card जारी करने हेतु आवेदन किया गया है जिसके विरुद्ध 1212754 खातों में यह निर्गत कर दिया गया है | NABARD के प्रतिनिधि द्वारा KCC loanee से संबंधित आंकड़े agriculture deptt को उपलब्ध कराये जाने की बात पर RBI के OIC श्री नीरज कुमार ने Secrecy एक्ट के तहत बैंको द्वारा ऐसे किसी भी जानकारी को share नहीं किये जाने की बात कही | उन्होंने कहा कि यदि ग्राम प्रधान द्वारा बैंको को कृषि ऋण से वंचित रहने वाले किसानों की सूची उपलब्ध करा दी जाये तो बैंको द्वारा उनको ऋण देने के लिए प्रयास किया जा सकता है | NABARD द्वारा बैंको को कृषि मियादी ऋण के लिए subsidy claim दिनांक 28.02.2018 तक कर लिए जाने की बात कही गई |

**(Action: राज्य सरकार, सभी बैंक एवं सभी LDMs)**

**CGTMSE Coverage की स्थिति**

श्री दीप शंकर ने सभा को यह जानकारी दी कि बैंको द्वारा प्रदत्त आंकड़ों के अनुसार झारखण्ड राज्य में रु 2 करोड़ की सीमा के अंदर कुल 3.42 लाख (लगभग) MSE ऋण खाते हैं, जो cgtmse coverage के लिए eligible हैं, परंतु इनमे से केवल 0.89 लाख (लगभग) ऋण खातों में, यानी कि सिर्फ 26.02 % खातों में ही CGTMSE कवरेज लिया गया है | उन्होंने RBI में प्रत्येक तिमाही में MSME पर होने वाली Empowered committee की मीटिंग का हवाला देते हुए कहा कि eligible खातों में CGTMSE coverage के कम प्रतिशत को देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि बैंको द्वारा इसकी सही रिपोर्टिंग नहीं की जा रही है | खासकर Pvt बैंको द्वारा की जा रही रिपोर्टिंग पर चर्चा की गई | IndusInd बैंक के प्रतिनिधि ने सभा में आश्वासन दिया कि वे जल्द ही इसकी सही सूचना SLBC को उपलब्ध कराएँगे | सभी बैंको के नियंत्रक प्रमुखों से यह अनुरोध किया गया कि इस सम्बन्ध में दिये जा रहे आंकड़ों की प्रमाणिकता को पूरी तरह परखने के उपरांत ही SLBC के पोर्टल पर upload करें |

**प्रधान मंत्री मुद्रा योजना**

बैंको द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार झारखण्ड राज्य में 01.04.2017 से 31.12.2017 तक कुल 219147 लोगों को रु 2034.65 करोड़ रूपये का ऋण इस योजना के तहत दिया गया | SLBC द्वारा यह बताया गया कि Mudra पोर्टल पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार राज्य में Micro Financial Institutes के द्वारा दिये गए ऋण को मिलकर राज्य में 2732 करोड़ रु की target के विरुद्ध कुल 833683 लाभुकों को कुल 3263.31 करोड़ रु का ऋण संवितरित किया गया है |

**(Action: सभी बैंक एवं सभी LDMs)**



State Level Bankers' Committee

### स्टैंड अप इंडिया ऋण योजना

सभा को बताया गया कि दिसम्बर 2017 तक पोर्टल पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार बैंको द्वारा कुल 392 आवेदन स्वीकृत किये गए है | सभी बैंको को लंबित आवेदनों के अविलम्ब निष्पादन के लिए कहा गया | **(Action: सभी बैंक एवं सभी LDMs)**

### शिक्षा ऋण एवं आवास ऋण

इस विषय पर सभा को जानकारी देते हुए बताया गया कि शिक्षा ऋण में काफी प्रगति होने के बावजूद अभी भी स्थिति में गुणात्मक सुधार नहीं आया है | पिछड़े वर्ग के छात्रों को शिक्ष ऋण दिये जाने में और ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता है | Housing sector में दिये गए ऋण में से बैंको से यह आग्रह किया गया कि वैसे ऋण जो PMAY योजना के तहत अर्हता प्राप्त रखते हों उन्हें PMAY scheme के दायरे में लाकर संबंधित विभाग से subsidy की मांग की जाये |

**(Action: सभी बैंक)**

### एसएचजी महिलाओं के वित्तपोषण हेतु योजना

इस विषय पर ग्रामीण विकास विभाग के सचिव श्री अविनाश कुमार द्वारा उठाये गए मुद्दों पर बैंको का ध्यान आकृष्ट कराया गया और उनसे अनुरोध किया गया कि वे अपने यहाँ लंबित आवेदनों को अविलम्ब स्वीकृत कराएँ और साथ ही अपनी शाखाओं को यह स्पष्ट निर्देश दें कि SHGs के आवेदन को अस्वीकार ना किया जाये | सभी बैंको से यह आग्रह किया गया कि वे JSLPS और NABARD के साथ समन्वय कर इससे संबंधित सही प्रगति प्रतिवेदन SLBC को उपलब्ध कराएँ | **(Action: JSLPS, NABARD, सभी बैंक एवं सभी LDMs)**

### प्रधानमंत्री जन धन योजना

श्री दीप शंकर ने सभी LDMs से DFS द्वारा बताये गए uncovered village को, जहाँ fixed location BC की नियुक्ति नहीं हो पाई है , उन्हें चिन्हित कर वहाँ मौजोद नजदीकी बैंक शाखा के माध्यम से सखी मंडल की महिलओं को BC agent के रूप में नियुक्त करवाने का आग्रह किया | इसी क्रम में हुई चर्चा के दौरान RBI के OIC श्री नीरज कुमार ने सभी बैंको से ये आग्रह किया कि वे FLC के द्वारा संचालित किये जाने वाले कैम्पों में FI से समबन्धित सारी सूचनाये स्थानीय नागरिकों तक पहुचाएं ताकि इसका समुचित लाभ उन्हें मिल सके | नाबार्ड के महाप्रबंधक श्री प्रभाकर बेहरा ने इस कार्य के लिए NABARD द्वारा दिये जाने वाले वित्तीय सहायता की जानकारी सभा को दी | PFRDA के द्वारा दिये गए target के विरुद्ध सभी बैंको के APY enrollment के achievement पर भी चर्चा की गई और वैसे सभी बैंको से APY enrollment में सुधार करने को कहा गया जिनके यहाँ यह उपलब्धि 50% से कम है |

**(Action: सभी बैंक एवं सभी LDMs)**

State Level Bankers' Committee Jharkhand

**प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (PMEGP)**

इस विषय पर चर्चा करते हुए बतलाया गया कि पोर्टल पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार PMEGP ऋण में प्रगति हुई है परंतू अभी भी बैंको के पास काफी आवेदन लंबित पड़े हैं, जिनका अविलम्ब निष्पादन सुनिश्चित किया जाये | सभा को KVIC के प्रतिनिधि के हवाले से यह जानकारी दी गई कि वर्ष 2008-09 से लेकर 2014-15 तक के स्वीकृत PMEGP के आवेदनों में यदि margin money का claim बाकी है तो संबंधित बैंक उसे 3-4 दिनों के अंदर KVIC को जानकारी दे दें ताकि दिनांक 28.02.2018 के अंदर उसे KVIC के मुंबई स्थित प्रधान कार्यलय को प्रेषित किया जा सके | वर्ष 2015-16 एवं 2016-17 के margin money का claim KVIC के local office से किया जा सकता है | **(Action: KVIC एवं सभी बैंक)**

**प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY)**

वैसे बैंकों को जिन्होंने 17.06.2015 के पश्चात स्वीकृत किये गए आवास ऋण को PMAY के तहत consider किया है, उन्हें govt के द्वारा दिये जाने वाले subsidy के लिए अविलम्ब संबंधित विभाग को आवेदन submit किये जाने को कहा गया |

**(Action: राज्य सरकार एवं सभी संबंधित बैंक)**

**RSETI एवं FLCC**

राज्य में RSETI एवं FLCC के द्वारा किये गए training एवं कैम्पों के संचालन से संबंधित जानकारी सभा को दी गई | RSETI के राज्य निदेशक श्री आनंदी लाल ने सभा को जानकारी देते हुए बताया कि इस वित्तीय वर्ष में 17370 प्रशिक्षनार्थियों के लक्ष्य के विरुद्ध जनवरी 2018 तक 13057 यानि 75% प्रशिक्षनार्थियों को प्रशिक्षण दिया जा चूका है | उन्होंने RSETI संचालित करने वाले प्रायोजक बैंको के द्वारा प्राप्त किये गए उपलब्धि का ब्यौरा सदन को देते हुए बताया कि इलाहाबाद बैंक ने प्रशिक्षण में 79.4%, BOI 71%, SBI 78.5%, PNB 85% एवं RUDSETI में 57% की उपलब्धि हुई है | उन्होंने सदन को बताया कि RSETI trained candidates के national settlement ratio 70% के विरुद्ध राज्य में 62% की ही उपलब्धि हो पाई है | साथ ही उन्होंने राज्य के 10 जिलों-बोकारो, सराइकेला, पश्चिमी सिंघभूम, धनबाद, रामगढ, जामतारा, पलामू, सिमडेगा, गुमला एवं लोहरदगा के LDMs से RSETI trained candidates के कम credit linkage की बात कही | भारत सरकार द्वारा लगाये गए common norms की बात करते हुए उन्होंने सभी RSETI प्रायोजक बैंको से biometric attendence system लागू किये जाने एवं मानक के आधार पर training equipments दिये जाने की बात कही |

**(Action: सभी संबंधित बैंक एवं LDMs)**

**विविध कार्य सूची**

1. SLBC द्वारा बताया गया कि बार-बार मौखिक एवं लिखित आग्रह और अग्रिम मे सूचना दिये जाने के बावजूद दिनांक 12.10.2017 को मोराबादी में आयोजित मुद्रा प्रोत्साहन अभियान में हुए

खर्च के विरुद्ध Axis Bank, ICICI Bank, UCO, Corporation, VGB, BOB, Vijaya और IOB ने अब तक अपना contribution रु 77400/- की राशि SLBC को प्रेषित नहीं की गई है | इन बैंकों से आग्रह किया गया कि यह राशि SLBC को दिनांक 28.02.2018 के पूर्व अवश्य उपलब्ध करा दी जाये |

**(Action: Axis Bank, ICICI Bank, UCO, Corporation, VGB, BOB, Vijaya और IOB)**

2. दिनांक 25.01.2018 को दुमका में आयोजित राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की विशेष बैठक में माननीय मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार संथाल परगना के सभी 06 जिलों के LDMs एवं वहाँ कार्यरत सभी बैंको को CD ratio में अपेक्षित वृद्धि करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने को कहा गया | **(Action: संथाल परगना जिले के सभी संबंधित बैंक एवं LDMs)**

3. DFS द्वारा राज्य के 2764 गाँवों में 5 KM के दायरे में बैंकिंग outlet की जानकारी सभी LDMs से अविलम्ब उपलब्ध कराने के लिए कहा गया | साथ ही LDMs से यह भी अनुरोध किया कि उन जगहों पर जो भी नजदीकी बैंक कार्यरत हैं, उन्हें वहाँ fixed location BC की नियुक्ति जल्द से जल्द करने के लिए कहा जाये | **(Action: सभी बैंक एवं सभी LDMs)**

4. देश भर के LWE districts में बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए pilot district के रूप में चिन्हित पलामू जिले में जिन 06 स्थानों पर बैंक की शाखायें खोली जानी हैं, उन बैंको के नियंत्रक प्रमुखों से इस सम्बन्ध में त्वरित कार्यवाही किये जाने का अनुरोध किया गया | उठाये |

**(Action: PNB, BOI, SBI एवं Andhra Bank)**

योजना-सह-वित्त विभाग के सचिव श्री सतेन्द्र सिंह ने माननीय मुख्यमंत्री द्वारा राज्य में digital village बनाये जाने के सम्बन्ध में बैंको से अद्यतन जानकारी की मांग की जिसपर BOI, रांची के आंचलिक प्रबंधक ने कुल 104 गाँवों को digital village के रूप में चुने जाने की बात बताई | SBI के DGM श्री देवेश कुमार ने उनके द्वारा 85 village को digital village के रूप में promote किये जाने की बात बताई | श्री अमित खरे ने बैंको से कहा कि digital village का उद्देश्य गाँवों में केवल शिक्षा देना नहीं अपितु वहाँ digital payment modes को बढ़ावा देना है | उन्होंने SLBC के महाप्रबंधक से सभी बैंको को यह निर्देश देने के लिए कहा कि वैसे village ही digital village के रूप में घोषित किये जा सकते हैं जहाँ सभी खाताधारकों को ATM कार्ड, rupay Card, debit कार्ड आदि दिये गए हो और मुख्य बाज़ार में दुकानदारों के पास digital पेमेंट के लिए pos मशीन अथवा अन्य कोई साधन उपलब्ध हो जिससे cashless transaction किया जा सके |

झारखण्ड सरकार के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री बिनोद सिन्हा ने सभा में सभी बैंको एवं LDMs से जन संवाद के अंतर्गत उठाये गए शिकायतों का निष्पादन करें और उसकी समुचित जानकारी दी जाये |

NABARD के महाप्रबंधक श्री प्रभाकर बेहरा ने राज्य के लिए वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए बनाये गए बजट के आधार पर राज्य का ACP target निर्धारित किये जाने और राज्य सरकार द्वारा KCC ऋण के लिए अतिरिक्त 3% interest subvention दिये जाने की बात कही | उन्होंने राज्य सरकार के कृषि विभाग द्वारा agriculture के लिए climatic जोन के आधार पर scale



State Level Bankers' Committee BOI

of finance निर्धारित किये जाने की बात की | उन्होंने cluster approach के आधार पर milk route निर्धारित कर डेयरी क्षेत्र के विकास किये जाने की बात कही |

RBI के OIC श्री नीरज कुमार ने नवीनतम monetary policy की चर्चा करते हुए GST registered खातों के लिए asset classification एवं MSME sector में investment based criterion की जगह turnover based criterion से संबंधित बदलाव की जानकारी सभा को दी | उन्होंने digital transaction के सम्बन्ध में RBI के vision डॉक्यूमेंट की चर्चा करते हुए बताया कि cashless transaction की बजाय less cash transaction को बढ़ावा दिया जाना आज की आवश्यकता है |

SBI के महाप्रबंधक श्री अमूल्य कुमार साहू ने गाँवों के digitization के लिए rupay cards के activation की आवश्यकता पर बल दिया और सरकार से इस सम्बन्ध में समुचित सहयोग दिये जाने की आशा की |

**सभा के अंत में Canara बैंक के उपमहाप्रबंधक श्री पुष्कर सिन्हा ने सभी गणमान्य अतिथियों, प्रतिभागियों एवं मीडिया का धन्यवाद ज्ञापन किया | उन्होंने CD ratio और अन्य parameter में हुई उपलब्धि पर सभी बैंको की सराहना करते हुए सरकार की तरफ से बैंको से किये जा रहे उम्मीदों पर खरे उतरने की बात कही | तत्पश्चात एसएलबीसी के महाप्रबंधक श्री प्रसाद जोशी ने सभी का धन्यवाद करते हुए सभा समाप्ति की घोषणा की ।**

**(प्रसाद जोशी)**
**महाप्रबंधक**

# LIST OF PARTICIPANTS IN 62nd SLBC MEETING HELD ON 13.02.2018

| SR. NO. | NAME OF PARTICIPANTS | BANK / DEPARTMENT | DESINGNATION | CONTACT NO. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | SRI AMIT KHARE | | DEVELOPMENT COMMISSIONER | |
| 2 | SRI SUKHDEO SINGH | ADDITIONAL CHIEF SECRETARY | DEPARTMENT OF FINANCE | |
| 3 | SRI SATENDRA SINGH | SECRETARY | DEPARTMENT OF PLANNING CUM FINANCE | |
| 4 | SRI AVINASH KUMAR | SECRETARY | DEPARTMENT OF RURAL DEVELOPMENT | |
| 5 | SRI PRASAD JOSHI | SLBC | BANK OF INDIA | |
| 6 | SRI PRABHAKAR BEHRA | GENERAL MANAGER | NABARD | 7091592356 |
| 7 | SRI NIRAJ KUMAR | OIC | RESERVE BANK OF INDIA | |
| 8 | SRI AMULYA KUMAR SAHOO | STATE BANK OF INDIA | GENERAL MANAGER | 9967503833 |
| 9 | SRI BRIJLAL | JHARKHAND GRAMIN BANK | CHAIRMAN | 9534166166 |
| 10 | SRI VINCENT LAKRA | BANK OF INDIA | ZONAL MANAGER, RANCHI ZONE | 7808977001 |
| 11 | DR RAHUL SRIVASTAVA | ALLAHABAD BANK | DY GENERAL MANAGER | 8130532224 |
| 12 | SRI DEVESH KUMAR | STATE BANK OF INDIA | DY GENERAL MANAGER | 9065516670 |
| 13 | SRI G. L. PADALKAR | UNION BANK | FIELD GENERAL MANAGER | 7389925500 |
| 14 | SRI VIJAY KUMAR SINGH | JSCB | ADMINISTRATOR | 9431184280 |
| 15 | SMT SHUBHRA VERMA | DEPT. OF AGRICULTURE, ANIMAL HUSBANDRY AND CO-OPERATIVE | SPECIAL SECRETARY | 9431077391 |
| 16 | SRI R R TIWARY | RESERVE BANK OF INDIA | ASST. GENERAL MANAGER | 9819758883 |
| 17 | SRI R P ACHARYA | NABARD | DY GENERAL MANAGER | 9869711977 |
| 18 | SRI RAVI PRAKASH | VANANCHAL GRAMIN BANK | GENERAL MANAGER | 7033293800 |
| 19 | SRI AVINASH KUMAR | BANK OF BARODA | CHIEF MANAGER | 7542032094 |
| 20 | SRI SURJEET MINJ | BANK OF BARODA | SR. MANAGER | 7542032013 |
| 21 | SRI PANKAJ KUMAR | IDBI BANK | MANAGER | 9040063200 |
| 22 | SRI KAMLESH NARAYAN VERMA | UCO BANK | DY ZONAL MANAGER | 8847584395 |
| 23 | SRI ABHISHEK KUMAR | BANK OF MAHARASTRA | CLUSTER HEAD | 8927661482 |
| 24 | SRI PUSHKAR SINHA | CANARA BANK | DY GENERAL MANAGER | 9731483714 |
| 25 | SRI K P MANDAL | UNION BANK OF INDIA | ASST. GENERAL MANAGER | 8407004125 |
| 26 | SRI PARMESHWAR MAHTO | UNITED BANK OF INDIA | CHIEF MANAGER | 9831810806 |
| 27 | SRI P K JAIN | PUNJAB NATIONAL BANK | DY. GENERAL MANAGER | 7360073611 |
| 28 | SRI KUMAR BINAY SINGH | STATE BANK OF INDIA | ASST. GENERAL MANAGER | 9771420151 |
| 29 | SRI ARUN PANDEY | STATE BANK OF INDIA | REGIONAL MANAGER | 9771450300 |
| 30 | SRI B K PANDEY | ORIENTAL BANK OF COMMERCE | ASST. GENERAL MANAGER | 7091690059 |
| 31 | SRI SANJEEV KUMAR | PUNJAB & SINDH BANK | CONTROLLING HEAD | 8083139213 |
| 32 | SRI VIKASH VERMA | STATE BANK OF INDIA | OFFICER | 9771450320 |
| 33 | SRI C S SASTRY | ANDHAR BANK | ZONAL MANAGER | 7070992529 |
| 34 | SRI S K SINHA | STATE BANK OF INDIA | ASST. GENERAL MANAGER | 9065516672 |
| 35 | SRI SUDHIR SINHA | UNITED BANK INDIA | DY GENERAL MANAGER | 9934011359 |
| 36 | SRI PYUSH PRIYADARSHI | BANK OF BARODA | SENIOR MANAGER | 7542032124 |
| 37 | SRI DEO SHANKAR | UIDAI | ADG | 9470707000 |
| 38 | SRINIWASA | ALLAHABAD BANK | ASST. GENERAL MANAGER | 9406924538 |
| 39 | SRI BARJESHWAR NATH | JSCB | CEO | 9431107596 |
| 40 | SRI C K DAS MOHAPATRA | SYNDICATE BANK | DRM | 9471182386 |
| 41 | SRI BIBHAW KUMAR | BANK OF INDIA | MANAGER | 9034846704 |
| 42 | SRI ANIL KUMAR MEELU | CENTRAL BANK OF INDIA | REGIONAL MANAGER | 9570900446 |
| 43 | SRI SHUDHANSHU SHEKHER PATHAK | JAMTARA | LDM | 9771462495 |
| 44 | SRI VIKASH KUMAR | PAKUR | LDM | 9771438410 |
| 45 | SRI PULIN B MITRA | PALAMU | LDM | 9619480231 |
| 46 | SRI C S D PAAN | LATEHAR | LDM | 7781011677 |
| 47 | SRI RAM DAS RAJAK | SAHEBGANJ | LDM | 9771438409 |
| 48 | SRI ASHOK TIRKEY | GARHWA | LDM | 9934363709 |
| 49 | SRI R K S SINHA | DEOGHAR | LDM | 9771435410 |
| 50 | SRI RAMAN PRASAD | DUMKA | LDM | 8986226257 |
| 51 | SRI R K SINHA | GODDA | LDM | 9006642698 |
| 52 | SRI S N MOHANTY | SERAIKELA | LDM | 9102956616 |

| | NAME OF PARTICIPATE | BANK / DEPARTMENT | DESINGNATION | CONTACT NO. |
|---|---|---|---|---|
| 55 | SRI FUDAN MURMU | WEST SINGHBHUM | LDM | 7004720085 |
| 56 | SRI SUDHIR SHARMA | KODERMA | LDM | 9431320308 |
| 57 | SRI DILIP KUMAR MAJUMADAR | BOKARO | LDM | 7004703590 |
| 58 | SRI AMIT KUMAR | DHANBAD | LDM | 8406002014 |
| 59 | SRI S H N NAKBI | HAZARIBAGH | LDM | 9431547593 |
| 60 | SRI U D BAGE | KHUNTI | LDM | 9430104130 |
| 61 | SRI HARISH KUMAR KAKKAR | RANCHI | LDM | 9431193786 |
| 62 | SRI RAVI KANT SINHA | LOHARDAGA | LDM | 9470116528 |
| 63 | SRI RAKESH SINGH | GIRIDIH | LDM | 7257808020 |
| 64 | SRI SUDHANWA MISHRA | SIMDEGA | LDM | 9931175578 |
| 65 | SRI S K SAY | GUMLA | LDM | 9113361788 |
| 66 | SRI M K DAS | CHATRA | LDM | 9431185693 |
| 67 | SRI SANJAY KUMAR | RAMGHAR | LDM | 9931827418 |
| 68 | SRI RAM SAGAR PANDEY | BANDHAN BANK LTD | CLUSTER HEAD | 9939604970 |
| 69 | SRI ABHISHEK KUMAR | HDFC BANK | CLUSTER HEAD | 9334328959 |
| 70 | SRI SURYANSHU VERMA | HDFC BANK | ASST. VICE PRESIDENT | 9304003856 |
| 71 | SRI SHUBHASH KUMAR | INDUSIND BANK | REGIONAL HEAD | 7260811600 |
| 72 | SRI RASHID IQBAL | AXIS BANK | CIRCLE NODAL MANAGER | 9771631132 |
| 73 | SRI KISHOR KUNAL | LAXMI VILASH BANK | BRANCH HEAD | 9308457750 |
| 74 | SRI VISHAL KAMAR | SOUTH INDIA BANK | BRANCH HEAD | 7044324094 |
| 75 | SRI RABISH KUMAR | KARUR VYSHYA BANK | ASST MANAGER | 9955958286 |
| 76 | SRI AMIT | FEDERAL BANK | BRANCH MANAGER | 8877887799 |
| 77 | SRI AJIT KUMAR AGRAWAL | UIDAI | DY DIRECTOR | 7070994032 |
| 78 | SRI SHABBIR AKHTAR | ICICI BANK | REGIONAL BANK | 9771499046 |
| 79 | SRI SIBA PRASAD NAYAK | SIDBI | ASST GENERAL MANAGER | 8980276834 |
| 80 | DR. D RAVISHANKAR | HUDCO | REGIONAL MANAGER | 9449861988 |
| 81 | SRI NILADRI BOSE | NATIONAL HOUSING BOARD | REGIONAL MANAGER | 9163517770 |
| 82 | SRI O P SHARMA | KVIC | ASST DIRECTOR-II | 9470589852 |
| 83 | SRI RAMAKANT SINGH | DEPT. OF INDUSTRY | ADDITIONAL DIRECTOR | 8084272827 |
| 84 | SRI ANANDI LAL | RSETI | STATE DIRECTOR | 7737623473 |
| 85 | SRI RAJIV NAYAN SINHA | JHARKHAND GRAMIN BANK | CHIEF MANAGER | 9431757563 |
| 86 | SRI BIRANCHI PADKAR | VIJAYA BANK | CHIEF MANAGER | 9748844973 |
| 87 | SRI NARENDRA SENAPATI | CANARA BANK | DIVISINOL MANAGER | 7280800509 |
| 88 | SRI PRABIR SENGUPTA | VANANCHAL GRAMIN BANK | ASST MANAGER | 9934525862 |
| 89 | SRI ANIL KUMAR PANDEY | DEPT OF HOME | ADDITIONAL SECRETARY | 9470132555 |
| 90 | SRI SHIVA PRAKASH | ORIENTAL INSURANCE | | 9006295975 |
| 91 | SRI P C KICHIGIA | JOINT SECRETARY | DEPT. REVEUE, REG & L R | 9955332850 |
| 92 | SRI SAKET AJAY SINHA | IFFCO TOKIO GENERAL INSURANCE | INCHARE | 8130496233 |
| 93 | SRI VIJAY ANAND | IFFCO TOKIO GENERAL INSURANCE | | 7763901019 |
| 94 | SRI SANJEEV KUMAR | YES BANK | CLUSTER HEAD | 9899011217 |
| 95 | MS NISHA MARANDI | UCO BANK | MANAGER | 9955003577 |
| 96 | SRI MANISH RAJ | DENA BANK | SENIOR MANAGER | 9702820355 |
| 97 | SRI RAGHUNATH HASDAH | CORPORATION BANK | ASST MANAGER | 9470990532 |
| 98 | SRI ABHISHEK BHARDWAJ | UD & HD DEPT | STATE FINANCE MANAGER | 9934366499 |
| 99 | SMT SALONI SINGH PAHWA | DAY-NULM | STATE MISSION MANAGER | 7631064468 |
| 100 | SRI MUKESH KUMAR JHA | PMAY-URBAN | SPECIALIST | 9199534281 |
| 101 | MS VANDANA CHOUBEY | BANK OF MAHARASTRA | DY MANAGER | 7909014233 |
| 102 | SRI YUVRAJ KUMAR | INDIAN BANK | SENIOR MANAGER | 9955542169 |
| 103 | SRI SUMAN KUMAR SAPAN | INDIAN BANK | ASST MANAGER | 9835595412 |
| 104 | SRI AJIT KUMAR | LDM. OFFICE | SENIOR MANAGER | 9920525787 |
| 105 | SRI TRIPURARI SHANKAR | CENTRAL BANK OF INDIA | MANAGER | 8298898907 |

State Level Bankers' Committee
BOI
Jharkhand